# जन आधार योजना में 1.93 करोड़ परिवार जोड़े

जयपुर | प्रदेश में जन आधार योजना के तहत करीब 1 करोड़ 93 लाख परिवार नामांकित हो चुके हैं। इन परिवारों के करीब 7.48 करोड़ नामांकित सदस्यों को सरकारी योजनाओं के लाभ उनकी पात्रतानुसार जन आधार के माध्यम से मिल रहे हैं। योजना के माध्यम से अब तक लाभार्थियों के बैंक खातों में करीब 50 हजार करोड़ रुपए हस्तांतरण किए जा चुके हैं। योजना में अब तक नकद और गैर नकद लाभ के 119 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन कर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभ दिया गया है।

Dainik Bhaskar Pg 11
7/9/22